शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 2341/परीक्षा–गोपनीय/2022 रायगढ़, दिनाँक 21.01.2022

–:: अधिसूचना ::–

इस विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमाँक 2216/परीक्षा–गोपनीय/2021 तथा 2218/परीक्षा–गोपनीय/2021 दिनाँक 01.01.2022 के अनुसार प्रायोगिक एवं आंतरिक परीक्षाओं के आयोजन संबंधी निर्देश जारी किये गये थे तथा कोविड़–19 की महामारी के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश क्रमाँक एफ 17–04/2022/38–01 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनाँक 13.01.2022 के परिपालन में पत्र क्रमाँक 2303/परीक्षा–गोपनीय/2022 दिनाँक 14.01.2022 के द्वारा आयोजित हो रही आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया था।

उपरोक्त के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि समस्त महाविद्यालय शिक्षा सत्र 2021–22 की आंतरिक परीक्षाएँ एवं स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएँ ऑनलाईन/ब्लैन्डेड मोड में दिनाँक 22.01.2022 से 31.01.2022 तक संपन्न करावें तथा आंतरिक/प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर 31.01.2022 तक दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करें।

टीपः–

01. सत्र 2021–22 के स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा हेतु पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त आंतरिक/बाह्य परीक्षकों द्वारा ही प्रायोगिक परीक्षाएँ संपन्न कराई जाये।
02. पर्ण/प्रतिपर्ण की हार्ड कॉपी पर संबंधित परीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर उपरांत प्राचार्य द्वारा प्रतिहस्ताक्षर करते हुए सील बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/विशेष वाहक के हस्ते विश्वविद्यालय की गोपनीय विभाग में 03.02.2022 तक अनिवार्यतः जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।
03. उपरोक्त परीक्षा संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने में शासन द्वारा कोविड़–19 से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों का कडाई से पालन किया जावे।

आदेशानुसार

प्रभारी कुलसचिव

रायगढ़, दिनाँक 21.01.2022

पृ.क्रं. 2342/परीक्षा–गोपनीय/2022

प्रतिलिपि :–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को इस आशय के साथ सूचनार्थ कि महाविद्यालय संबंधित छात्र–छात्राओं को उपरोक्त संबंध में अनिवार्यता सूचित करें एवं निर्धारित तिथि तक प्रायोगिक एवं आंतरिक परीक्षाएँ संपन्न करा कर प्राप्तांकों को ऑनलाईन पोर्टल पर प्रविष्ट कराना सुनिश्चित करें।
03. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
04. विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
05. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)